14/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन- डी. आर. डी. ओ. और भारतीय सेना ने कंधे से लॉन्च की जाने वाली स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल वेपन प्रणाली का सफल परीक्षण किया। कल राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में यह परीक्षण किया गया। एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का दिन और रात में कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें आधुनिक युद्ध टैंक को ध्वस्त करने की क्षमता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की है और इस कदम को उन्नत प्रौद्योगिकी-आधारित रक्षा प्रणाली विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

00000000000000000

राज्यपाल के. टी. परनाइक ने लोंगते त्योहार के उपलक्ष्य पर राज्यवासियों को शुभकामनाए दी। उन्होंने आशा जताई कि न्यीशी जनजाती जिस तरीके से अपने परंपरा को संजोए हुए है उससे प्रदेश के सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित बनाए रखने में मदद मिलेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि लोंगते त्योहार मनुष्य के कल्याण, जानवरों की प्रजनन क्षमता व गुणन पर बल देता है।

0000000000000000

भारतीय जनता पार्टी ने आज दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र - संकल्प पत्र - जारी किया। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

कार्यक्रम के दौरान, पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अपनी सरकार की उपलब्धियों और अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बात की। श्री मोदी ने कहा कि बीजेपी ने अपने घोषणापत्र के हर बिंदु को गारंटी के तौर पर लागू किया हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी का फोकस 'जीवन की गरिमा, जीवन की गुणवत्ता और निवेश के जरिए रोजगार' पर है। मोदी ने कहा कि वह भारत को सभी उभरते क्षेत्रों का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते हैं।

0000000000000000000

ताई खाम्ती जनजाती का मुख्य त्योहार सांगकेन आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया गया। नामसाई के गोल्डन पगोडा में सांगकेन त्योहार में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस पावन अवसर पर राज्यवासियों को सांगकेन की शुभकामनाएं दी। श्री खांडू के साथ असम के मंत्री अशोक सिंघल, लद्दाख से सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने भी नामसाई में सांगकेन का पर्व मनाया। वहीं राज्यपाल के. टी. परनाइक ने भी सांगकेन त्योहार के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

0000000000000000000

ईरान ने इस्राइल पर सैकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल और क्रूज मिसाइल से हमला किया है। आज सुबह पूरे इस्राइल में हवाई सायरन गूंजते रहे। यह पहला मौका है जब ईरान ने इस्राइल पर सीधे तौर पर हमला किया है। इस्राइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागरी ने कहा कि ईरान ने जो ड्रोन और क्रूज तथा बैलेस्टिक मिसाइल छोड़ी, उनमें से अधिकतर को इस्राइल की सीमा के बाहर ही नष्ट कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि युद्धक विमानों ने दस से अधिक क्रूज मिसाइलों को मार गिराया। प्रवक्ता ने कहा कि कुछ प्रक्षेपास्त्र इस्राइल में गिरे हैं और एक हमले में दक्षिणी इस्राइल में दस वर्ष की एक लड़की घायल हो गई। एक अन्य मिसाइल एक सैन्य अड्डे पर गिरा जिससे मामूली क्षति पहुंची है। इस्राइल की ओर भेजे गए कुछ ड्रोन को अमरीकी बलों ने मार गिराया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख सहित कई देशों ने ईरान के हमले की निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने ईरान से हमले तुरंत रोकने की अपील की है। सीरिया में एक अप्रैल को एक हमले में ईरान के दो जनरल मारे गए थे। ईरान में इसके लिए इस्राइल को दोषी ठहराया और बदले की कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया था। ग़ज़ापट्टी में हमास के विरोध छह महीने से जारी युद्घ को लेकर ईरान और इस्राइल में टकराव की स्थिति रही है।

इस बीच, ईरान में इस्राइल से जुड़े एक वाणिज्यिक जहाज को कल हरमुज की खाड़ी में अपने नियंत्रण में ले लिया। इस जहाज पर पुर्तगाल का झंडा लगा था और यह जहाज इस्राइल के एक अरबपति कारोबारी का है। इस जहाज के पच्चीस सदस्यों में से सत्रह सदस्य भारतीय हैं।

00000000000000000

राज्यपाल के टी परनाईक ने बोहाग बिहू के पावन अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने प्रदेश वासियों की ओर से असम वासियों को भी बोहाग बिहू की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आशा जताई कि यह उत्सव सामंजस्यपूर्ण संबंधो और समृद्धी का दौर लेकर आएगा।

इधर मुख्य मंत्री पेमा खांडू ने भी असम के लोगों को बोहाग बिहू की ढेर सारी शुभकामनाए दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री खांडू ने कहा कि यह दिन न सिर्फ असामिया नव वर्ष की शुरुआत का प्रतिक है बल्कि वसंत ऋतु के आगमन, नवीकरण और कायाकल्प की भी प्रतिक है।

0000000000000

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर पार्टी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी कल विजयवाड़ा में एक पत्थर लगने से घायल हो गए। उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लगी है। यह घटना कल शाम विजयवाड़ा में चुनाव प्रचार के समय हुई, जब श्री रेड्डी **मेमंत सिद्धम** बस यात्रा के दौरान लोगों के अभिवादन को स्वीकार कर रहे थे। विधायक वेल्लमपल्ली श्रीनिवास को भी आंख पर चोट लगी है। चिकित्सकों ने श्री जगन मोहन रेड्डी को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया, जिसके बाद श्री रेड्डी ने अपनी बस यात्रा जारी रखी।

000000000000000000